## महत्वपूर्ण एवं खास

### 38 वां चक्रधर समारोह : सफल संचालन एवं आवश्यक तैयारी के लिए समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने 38 वां चक्रधर समारोह वर्ष 2022 के सफल संचालन एवं आवश्यक तैयारी/व्यवस्था हेतु समिति गठित की है। गठित समिति में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा को नोडल अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिक निगम संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े तथा अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 01 नवम्बर 2022 दिन मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय कार्यालयों/ संस्थाओं के लिए एक दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दौड़ 31 अक्टूबर को

**रायगढ़।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर एकता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ कलेक्ट्रेट रायगढ़ से प्रात: 7.30 बजे से प्रारंभ होकर मिनी स्टेडियम में समाप्त होगी। कलेक्टर रानू साहू ने 31 अक्टूबर को जिले में एकता दौड़ के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया है।

### नुकीली हथियार से युवक पर हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** नरैया तालाब के पास अज्ञात युवक ने एक युवक पर नुकीली चीज से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हरदेवलाल मंदिर निवासी शिवकुमार धीवर 42 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका लडक़ा प्रिंस धीवर अपने दोस्त के साथ नरैया तालाब के पास गया था। जहां एक लडक़ा और लडक़ी बैठे थे। जिन्हें यहां पर क्यों बैठे हो कहा तो आरोपी लडक़ा ने नुकीली चीज से प्रिंस पर हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बाइक सवार डिवाइडर से टकराया, मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** शक्तिनगर खम्हारडीह में बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में सवार किशोरी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार न्यू शांति नगर मृतक कल्पित कटा 19 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक ओडी 03 पी 4067 में किशोरी कुमारी वैष्णवी 15 वर्ष को बिठाकर कहीं जा रहा था, तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कल्पित कटा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल कुमारी वैष्णवी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाइक सवार युवक मवेशी से टकराया, मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** मंदिरहसौद थाना क्षेत्र के ग्राम छतौना में बाइक सवार युवक मवेशी से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कागजों पर नहीं फील्ड में दिखना चाहिए काम -कलेक्टर

❐ समाधान शिविर के माध्यम से जनसामान्य के समस्याओं का हो त्वरित निराकरण

❐ साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित



**रायगढ़।** सरकार तुंहर द्वार अंतर्गत जिले में निवासरत जनसामान्य को उनकी समस्याओं के निराकरण व समाधान उपलब्ध कराये जाने हेतु विकासखण्डों में आगामी माह से वृहद समाधान शिविर आयोजन किया जाना है, ताकि शिविर स्थल पर ही हितग्राहियों को उनसे जुड़े प्रमाण पत्र, दस्तावेज, सेवा प्रदान कर उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके। उक्त बातें कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर साहू ने विभागीय अधिकारियों को कहा कि पुसौर ब्लाक के ग्राम-सूपा में आगामी 9 नवम्बर को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने उक्त शिविर हेतु ग्राम पंचायतों में विभागवार डोर टू डोर सर्वे करके हितग्राहियों का रजिस्टर संधारित करते हुए उनके आवेदनों का समाधान व निराकरण शिविर से पूर्व करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जनपद सीईओ को वृहद समाधान शिविर की तिथि एवं स्थल के संबंध में दीवाल लेखन कराने के निर्देश दिए, ताकि जनसामान्य के बीच इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार हो और वे इसका लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि शिविर में ज्यादा से ज्यादा मामले राजस्व से जुड़े होते है। इसलिए सभी राजस्व अधिकारी फौती नामांतरण, आपसी बंटवारा, सीमांकन, किसान किताब प्रदाय जैसे कार्यो के लिए एक्टिव रहें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित कि सभी पटवारी फील्ड में रहना सुनिश्चित करें, ताकि जनसामान्य के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को कहा कि अब कार्य कागजों पर नहीं बल्कि फील्ड में दिखना चाहिए।

कलेक्टर साहू ने स्वास्थ्य शिविर की जानकारी लेते हुए गत दिवस आयोजित स्वास्थ्य शिविर के संबंध में स्पेशलिस्ट डाक्टरों, सरपंच एवं जनसामान्य से फीड बैक लेने को कहा। जिससे शिविर को और बेहतर किया जा सके। उन्होंने सीएमएचओ से कहा की स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल बोर्ड उपस्थित रहे जिनके माध्यम से दिव्यांगों का चेकअप कर उन्हे दिव्यांगता सर्टिफिकेट प्रदान किया जा सके। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य शिविर से रेफर मरीजों की जानकारी लेते हुए उन मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने छोटे बच्चों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए जो बोल व सुन नहीं सकते है। जिससे उन्हें बेतहर उपचार कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य शिविर में दिव्यांगो को पेंशन, सहायक उपकरण प्रदाय किया जाए। उन्होंने महिला बाल विकास के कार्यों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए बाल संदर्भ शिविर की जानकारी ली एवं एनआरसी में शत-प्रतिशत भर्ती के निर्देश दिए। उन्होंने सक्षम योजना, नोनी सुरक्षा, मातृ वंदना योजना का गर्भवती महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ प्रदान के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन के माध्यम से एनीमिक महिलाओं एवं बच्चियों को चिन्हांकित कर आयरन फोलिक एसिड प्रदान करने के साथ गुड, चना, अंकुरित अनाज जैसे खाद्य पदार्थ को उनकी नियमित दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके।

कलेक्टर साहू ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि ई-श्रम कार्ड इंश्योरेंस एवं विभागीय योजना के क्लेम संबंधी जानकारी के लिए ग्राम स्तर पर मुनादी करवाएं। जिससे जनसामान्य को क्लेम संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके एवं उन्हें लाभ मिल सके। इस दौरान जिले में ओवर बिलिंग पर आ रही शिकायत पर विद्युत विभाग पर नाराजगी जताते हुए कैम्प के माध्यम से समस्या समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा की प्रति माह मीटर रीडिंग करें, जिससे लोगों को हॉफ बिजली बिल योजना का लाभ मिल सके। इसके अलावा कैंप में नाम सुधार, नए कनेक्शन, विद्युत पोल जैसे समस्या का भी त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने अंत्याव्यसायी विभाग को विभागीय योजनाओं के माध्यम से छोटे कामगार को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी को ड्रॉप आउट स्कूली बच्चों का सर्वे करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में जारी किए गए प्रमाण पत्रों की जानकारी ली। इसके साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग को पोस्ट मैट्रिक बच्चों का सर्वे के साथ ही जिले के छात्रावास में मरम्मत कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग को नलकूप प्रकरण केसीसी के लिए कैंप, वितरण के लिए कृषि यंत्र तथा उन्नत कृषि की जानकारी के लिए स्टॉल में कृषकों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग को नलकूप सुधार एवं नाला निर्माण पश्चात जल स्तर वृद्धि की अध्ययन कर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों के बार्डर को करे एक्टिव-** आगामी 01 नवंबर से प्रारंभ होने वाले धान खरीदी को लेकर कलेक्टर साहू ने चिन्हांकित संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों के चेक पोस्ट में जांच प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण करने एवं मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करते हुए कोचियों एवं बॉर्डर पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए।

**समस्याओं को छोटा ना समझे, करें त्वरित कार्यवाही-** टीएल बैठक के पश्चात लॉ एंड ऑर्डर की बैठक हुई, जिसमें कलेक्टर साहू ने कहा की किसी भी घटना में आवश्यक होने पर तुरंत कार्यवाही करें, जिससे समस्या का शीघ्र समाधान हो सके। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि किसी प्रकार की समस्याओं को छोटा ना समझे तुरंत एक्शन ले। उन्होंने कहा की रोड एक्सीडेंट, हाइवे जाम जैसी समस्या पर पुलिस एवं जिला प्रशासन आपसी समन्वय के साथ अतिशीघ्र कार्यवाही करते हुए निराकरण करें। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के रैली, आंदोलन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ परमिशन प्रदान करें, जिससे लॉ एंड ऑर्डर प्रभावित न हो।

# कॉपर तार चोरी के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस द्वारा आज एसी में लगे तांबा तार चोरी मामले में आरोपी विवेक सारथी पिता राकेश सारथी उम्र 19 साल निवासी बापू नगर थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जहां आरोपी का जेल वारंट जारी होने पर आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया है।

दिनांक 27.10.2022 को रिपोर्टकर्ता आशीष शर्मा द्वारा चैतन्य नगर के सामने स्थित दुकान के बाहर लगे एसी के तांबे पाइप को किसी अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी पर धारा 379 IPC के तहत चोरी का अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी में लिया गया। माल मुलजिम पतासाजी के लिए मुखबीर लगाए गए मुखबीर सूचना पर आज बापू नगर के विवेक सारथी को कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी विवेक सारथी द्वारा चैतन्य नगर के सामने दुकान से एसी वायर को लोहे की राड के सहारे तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से तांबे तार के टुकड़े कीमत करीब रु.8,000 का जप्त कर आरोपी को चोरी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के निर्देशन पर प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू एवं स्टाफ की अज्ञात आरोपी पतासाजी एवं चोरी का माल बरामदगी में अहम भूमिका रही है।

# ग्रामीण का धोखे से फिंगर प्रिंट लेकर खाते से निकाले 85000 रूपए, कापू थानाक्षेत्र की घटना

❐ कापू पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर #कापू पुलिस द्वारा ग्राम कुमरता के ग्रामीण से धोखाधड़ी कर उसके बैंक खाते से 85,000 रूपये आहरण करने के मामले वाले दो आरोपियों को धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक आवेदक प्रेमसिंह सिदार पिता माधु राम सिदार उम्र 39 वर्ष साकिन कुमरता ने गांव के कैलाश सिदार के द्वारा ग्रामीण बैंक शाखा से फर्जी तरिके से 85,000/- हजार रूपये आहरण कर लिये जाने संबंधी शिकायत पत्र दिया गया था जिसकी जांच दौरान आवेदक, गवाहों का कथन लेकर जांच किया गया जिसमें पाया गया कि गांव का कैलाश सिदार ने प्रेम सिदार को कृषि विभाग से खाद, बीज दिलाउंगा कहकर उसका आधार नम्बर लेकर कुछ फार्म में उसका दस्तख्त कराया और एमशील में अंगूठा का निशान ले लिया कि जरूरत पड़ने पर उसका उपयोग करेगा किन्तु कैलाश सिदार एमशील में लिया फिंगर प्रिंट अपने साथी कीर्तन गुप्ता को रूपये निकालने दे दिया। कीर्तन गुप्ता 21 अप्रैल से 4 मई तक प्रेम सिदार के खाते से 85,000 रूपये निकाल लिया जिसमें 4,000 रूपये कैलाश सिदार को दिया और बाकी रूपये स्वयं खर्च किया। आरोपी कैलाश सिदार पिता जतन सिदार उम्र 30 साल निवासी कुमरता थाना कापू के मेमोरंडम पर उसका विवो मोबाइल तथा आरोपी कीर्तन गुप्ता पिता हेमाल गुप्ता उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम कुडकेल खजरी थाना कांसाबेल जिला जशपुर के मेमोरंडम पर अंगूठा लगाने का बायोमेट्रिक मशीन, सेन्ट्रल बैंक पत्थलगांव एवं स्टेट बैंक कांसाबेल का पासबुक, मोटर सायकल CG 14-GE-1897 को जप्त कर दोनों आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक बलदेव साय पैंकरा, सहायक उप निरीक्षक बृज किशोर गिरी, आरक्षक विभुति सिंह, हुकुम चंद की अहम


# व्यवसायी से जुआ में हारी रकम वसूलने दे रहे थे धमकी, तीन आरोपी गिरफ्तार

❐ 4 नामजद आरोपियों पर आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने एवं भयादोहन का अपराध दर्ज, मृतक का मोबाइल जब्त

❐ मामले में संलिप्त सभी व्यक्तियों पर होगी कार्यवाही

❐ युवा व्यवसायी के आत्महत्या मामले में कोतवाली पुलिस की सट्टा खाईवालों पर कार्यवाई

❐ आरोपियों के बैंक अकाउंट होल्ड, मृतक और आरोपियों के बीच रूपये लेने-देने की ली जा रही है जानकारी



रायगढ़। शहर के युवा व्यवसायी मयंक मित्तल पिता भीमसेन मित्तल उम्र 36 वर्ष निवासी माल धक्का रोड रायगढ़ के आत्महत्या मामले में एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर टीआई कोतवाली शनिप रात्रे द्वारा गंभीरतापूर्वक त्वरित कार्वाई करते हुए मर्ग जांच उपरांत मयंक मित्तल को रूपयों के लिये धमकी देने वाले आरोपी करण अग्रवाल उर्फ करण चौधरी , शहबाज , धर्मेन्द्र , अफजल व अन्य के विरूद्ध धारा 352, 384, 306, 34 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी अग्रवाल उर्फ करण चौधरी, मो. अफजल और धर्मेन्द्र को गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा जा रहा है। कोतवाली पुलिस मृतक का मोबाइल जप्त कर मोबाइल में सेव कॉल रिकार्ड और मृतक व आरोपियों के बैंक अकाउंट की जांच कर रही है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों पर जल्द कार्रवाई हो सकती है।

घटना के संबंध में मृतक के चचेरे भाई अजय मित्तल पिता राजेन्द्र मित्तल उम्र 47 वर्ष सा. गुलमोहर कालोनी थाना चक्रधरनगर द्वारा कल थाना कोतवाली में मर्ग कायम कर मयंक मित्तल के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करना बताया। जांच दौरान सूचनाकर्ता अजय मित्तल ,मृतक की पत्नी, मां व गवाहों का कथन लिया गया जो बताये कि मयंक मित्तल (मृतक) इन्हें बताया था कि मई माह में आईपीएल क्रिकेट सट्टा व जुआ खेलते हुए करीब 50-60 लाख रूपये हार गया था, सट्टे जुआ के उधारी पैसे के लिए करण चौधरी व शहबाज खान के द्वारा बार-बार फोन करते हैं और वे घर के अंदर भी जबरन घुसकर धमकी देते थे और बार-बार रूपयों के लिये तगादा करते थे, धर्मेन्द्र , मो. अफजल और भी अन्य व्यक्ति सट्टा व जुआ खेलने से हारे पैसे के वसूली के लिए तगादा कर धमकी देते थे जिससे परेशान व प्रताडित होकर दिनांक 26/10/22 के शाम मयंक अपने घर के गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मर्ग की जांच पर मयंक मित्तल को करण अग्रवाल उर्फ करण चौधरी , शहबाज , धर्मेन्द्र , अफजल व अन्य के द्वारा सट्टे व जुआ में हारे गये पैसे की वसूली को लेकर मृतक के घर अंदर घुस कर धमकी देने व मानसिक रूप से प्रताडित करने से फांसी लगा कर आत्म हत्या करने के लिए उतप्रेरित करना पाये जाने पर अरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 384,306,452,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में देर रात तक आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीआई कोतवाली अपने स्टाफ तथा सायबर सेल प्रभारी अपनी टीम के साथ अलग-अलग स्थानों पर दबिश दिया गया। पुलिस टीम के हाथ आरोपी – (1) करन अग्रवाल उर्फ करण चौधरी पिता संजय चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी ढिमरापुर चौंक रायगढ़ (2) मो. अफजल पिता मो. इजराइल उम्र 34 साल निवासी सरस्वती शिशु मंदिर के पास लक्ष्मीपुर रायगढ़ (3) धर्मेन्द्र शर्मा पिता स्व. देवी प्रसाद शर्मा उम्र 51 वर्ष निवासी रेल्वे बंगलापारा कोतरारोड़ रायगढ़ को हिरासत में लिया गया जिन्हें गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा जा रहा है। मृतक की पत्नी से मृतक मयंक मित्तल का मोबाइल जप्त किया गया है जिसमें सुरक्षित रखे वाइस रिकार्ड की जांच के साथ आरोपियों का बैंक अकाउंट होल्ड कर मृतक व आरोपियों का विगत माह के लेन-देन की जानकारी लिया जा रहा है। मामले में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में कोतवाली पुलिस सूक्ष्मता से जांच किया जा रहा है। सीएसपी अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन पर सम्पूर्ण कार्यवही में निरीक्षक शनिप रात्रे, थाना प्रभारी कोतवाली, सायबर सेल/चौकी प्रभरी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल, थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे, नंद कुमार सारथी, आरक्षक उत्तम सारथी, पुष्पेन्द्र जाटवर एवं सायबर सेल स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही है।

### हीरापुर तिराहा के पास 2 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार, लैलूंगा पुलिस की कार्यवाई

**रायगढ़।** दिनांक 27.10.2022 को थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम द्वारा मुखबिर सूचना पर हीरापुर तिराहा लैलूंगा के पास आरोपी रोहित यादव पिता ललित यादव उम्र 32 साल निवासी भेलवाटोली थाना लैलूंगा को 2 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भेलवाटोली का रोहित यादव ओडिशा से अवैध रूप से गांजा बिक्री के लिये लाता है, पुलिस की रेड कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पुख्ता निकली। आरोपी रोहित यादव से 2 किलो गांजा कीमती 12,000 रूपये का बरामद हुआ जिसे विधिवत जप्त कर आरोपी पर थाना लैलूंगा में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

# समाज कल्याण विभाग के भारत माता वाहिनी का प्रयास रंग लाया... बुनगा की महिलाओ ने अवैध शराब बेचने वालों को रंगे हाथों पकड़वाया

❐ ग्राम पंचायत बुनगा में वाहिनी के प्रयासों से नशे का सामान बेचने वालों पर कार्यवाही

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ को नशामुक्त बनाने एवं नशे के प्रति व्यापक जनजागृति लाने हेतु नशामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा संचालित परियोजना भारत माता वाहिनी का क्रियान्वयन रायगढ़ जिले में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में 20 समूह का गठन किया जाकर प्रारम्भिक स्तर पर जनजागृति एवं वातावरण निर्माण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। विभागीय कलापथक दल के माध्यम से नशामुक्ति हेतु गठित समूहों को विभाग द्वारा प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देकर नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिले में 1500 से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायतों में 176 भारत माता वाहिनी समूहों का गठन किया जा चुका है। वाहिनियों के माध्यम से पंचायतों में जनता को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए आबकारी विभाग, पुलिस विभाग के सहयोग से जनजागृति का कार्य निरंतर किया जा रहा है। जिसके परिणाम अब मिलने लगे हैं।

इसी के अंतर्गत पुसौर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुनगा में गठित भारत माता वाहिनी के समूह द्वारा लगातार अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने तथा नशे का अवैध सामान बेचने वालों को समझाइश देने का कार्य किया जा रहा है। भारत माता वाहिनी बुनगा के महिलाओं द्वारा लगातार समझाईश देने के बावजूद नशे का अवैध सामान बेचना बंद न करने तथा गांव का वातावरण खराब करने वाले कोचियों को सुबह 4 बजे रंगे हाथों पकड़कर थाने को सूचना देकर विधि सम्मत कार्यवाही कराई गई।

ग्राम पंचायत बुनगा में सरपंच कस्तुरी सिदार के संरक्षण एवं वाहिनी की अध्यक्ष दिलेश्वरी मैत्री के नेतृत्व में गांव को नशामुक्त ग्राम बनाने का संकल्प ले लिया गया है। वाहिनी की महिलाओं के इस प्रयास से नशामुक्त बुनगा के सपने को बल मिला है।

# स्मार्ट फोन बनेगी दृष्टिहीन छात्रों की रोशनी : ऑनलाईन शिक्षा की चुनौतियों से लड़ने में बनेगा कारगर हथियार

❐ निर्धन दृष्टिहीन छात्रों की मांग पर तत्काल उपलब्ध कराया स्मार्ट फोन



**रायगढ़।** कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौर में आम आदमी के साथ-साथ दिव्यांग छात्रों को भी बहुत प्रभावित किया है। मौजूदा समय में नेत्रहीन छात्रों को प्रत्यक्ष रूप से शिक्षा प्राप्त करने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही उनके लिए ऑनलाईन माध्यम से संचालित शिक्षा प्रणालियों के लिए एन्ड्रायड मोबाईल फोन की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है। समाज कल्याण विभाग की योजना कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण योजना के अंतर्गत नेत्रहीन छात्रों की सुगम्यता बाधारहित जीवन स्तर की प्राप्ति एवं शैक्षिक पुनर्वास के लिए ब्रेल माध्यम से शिक्षा एवं स्पेशल वर्जन के एन्ड्रायड मोबाईल फोन से लाभान्वित कर रही है।

आज जिले के 02 नेत्रहीन युवा राहुल कुमार खुंटे एवं शैलेन्द्र कुमार खुंटे निवासी ग्राम- तिलाईदादर, सारंगढ़ ने डिजिटल शिक्षा में सहयोग के लिए एन्ड्रायड मोबाईल फोन की मांग उप संचालक समाज कल्याण रायगढ़ से की थी। अत्यंत गरीब परिवार से संबंध रखने वाले ये दोनों छात्र शत-प्रतिशत नेत्रहीन होने के बावजूद तमाम बाधाओं को पार करते हुये वर्तमान में स्कूली एवं महाविद्यालयीन नियमित शिक्षा में अध्ययनरत हैं। मौजूदा समय में ऑनलाईन अध्ययन की चुनौतियों से निपटने के लिए स्मार्ट फोन नेत्रहीनों के लिए बेहद कारगर है। ऐसे में इनकी शिक्षा की ललक को देखते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा विभागीय महत्वाकांक्षी योजना कृत्रिम अंग सहायक उपकरण अंतर्गत इन दोनों दृष्टिहीन छात्रों को जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं सदस्यगण बसंत, लहरे, भारद्वाज, पटेल, आकाश मिश्रा एवं समस्त जिला पंचायत सदस्य, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में स्मार्ट एन्ड्रायड मोबाईल फोन वितरित किया गया।

अतिथियों के हाथों मोबाइल फोन पाकर दोनों दृष्टिहीन छात्र बेहद खुश हुये। जिला प्रशासन द्वारा छात्रों के शिक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उन्हें शिक्षा हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया गया। दोनों छात्रों द्वारा उनके आवेदन पर त्वरित रूप से नि:शुल्क मोबाइल फोन उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480